

दीवान-ए-खास में 2027 दीपों से सजा दीपोत्सव

- हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के मेले में दीप प्रज्जवलन
- स्वदेशी शिल्प और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ऐतिहासिक गौहर महल मंगलवार शाम दीपों की स्वर्णिम आभा से जगमगा उठा। मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित दीपोत्सव मेले में शाम 6:15 बजे 2027 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। एक साथ जल उठे दीपों की रोशनी से महल का दीवान-ए-खास आलोकित हो गया। यह आयोजन वर्ष 2026 की विदाई और नववर्ष 2027 के स्वागत को समर्पित रहा।

दीपों की कतारों ने महल की प्राचीन दीवारों, मेहराबों और पारंपरिक स्थापत्य की खूबसूरती को नई चमक प्रदान की। परिसर में विशेष रूप से मध्य प्रदेश की थीम पर दीप सजाए गए। मिट्टी के दीपों की रोशनी ने भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को जीवंत किया, जिसमें दीप आशा, सकारात्मकता, ज्ञान और मंगलकामना के प्रतीक माने जाते हैं।

दीपों की लौ में झलकी परंपरा और संस्कृति

दीवान-ए-खास में सजे दीपों ने अतीत और वर्तमान के बीच सांस्कृतिक सेतु का दृश्य प्रस्तुत किया। मिट्टी के दीपों के माध्यम से स्वदेशी शिल्प और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता को भी अभिव्यक्ति मिली। 2027 दीपों का प्रज्ज्वलन आने वाले वर्ष के लिए नई उम्मीदों, ऊर्जा और मंगलमय भविष्य की सामूहिक कामना का प्रतीक बना। इस अवसर पर उप संचालक हथकरघा उमेश श्रीवास्तव, लेखपाल रमेश शाक्य, सहायक प्रबंधक मिलिंद मेंडी, प्रबंधक रंजना निनावे, आलोक भावसार, सुरेंद्र वर्मा, रमाकांत अग्रवाल और रंगोली कार्यकर्ता सुमन कोल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दीपावली पर आज से बाजारों में यातायात के विशेष इंतजाम

10 नंबर मार्केट के पास वन वे रहेगा मार्ग

पुराने शहर में आज से आटो-कार बाजार में नहीं कर सकेंगे प्रवेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शहर के जुमेराती, चौक बाजार, न्यू-मार्केट, 10 नंबर मार्केट, बैरागढ़ आदि प्रमुख बाजारों में आमजन का आवागमन सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसके लिए यातायात पुलिस ने विभिन्न बाजारों में उचित यातायात प्रबंधन हेतु पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था का प्लान तैयार किया है।

पुराना भोपाल बाजार

बुधवार से नौ अक्टूबर तक दीपावली त्यौहार के दौरान आंतरिक बाजार क्षेत्र (जुमेराती, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में भोपाल के अलावा आसपास के शहरों व देहात से भी आम नागरिक खरीदी करने आयेंगे। उस अवधि में भीड़ होने की स्थिति में पुराना शहर क्षेत्रांतर्गत मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था एवं परिवर्तित मार्ग व्यवस्था परिवर्तित रहेगी।

पार्किंग स्थान

- भोपाल टॉकीज चौराहा बाल विहार ग्राउंड
- मोती मस्जिद (सरस्वती प्रकाशन) के सामने नगर निगम मल्टीलेवल पार्किंग
- थाना कोतवाली के दायीं ओर वाहन पार्किंग
- भवानी चौक मोती मस्जिद के मध्य बायीं ओर वाहन पार्किंग
- भारत टॉकीज के पास सेंट्रल लाइब्रेरी मैदान पार्किंग
- यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर कोई भी लोडिंग वाहन/ऑटो रिक्शा/चार-पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र (जुमेराती, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।
- करोंद, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, शाजहांनाबाद की ओर से आने वाले सभी चार पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं होंगे, भोपाल टॉकीज चौराहे से बाल विहार ग्राउंड में पार्क किये जा सकेंगे।
- भारत टॉकीज की ओर से बाजार में आने वाले सभी दो-पहिया वाहन सेंट्रल लाइब्रेरी मैदान में पार्क किये जा सकेंगे।
- संगम टॉकीज की ओर से सब्जी मंडी होकर बाजार आने वाले चार पहिया/तीन पहिया वाहन सब्जी मंडी रिक्त प्रांगण में पार्क किये जा सकेंगे।
- लखेरापुरा, रंजन पेन कॉर्नर, इतवारा, मारवाड़ी रोड, इब्राहिमपुरा से किसी भी प्रकार के चार पहिया, तीन पहिया वाहन चौक बाजार की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन सरस्वती प्रकाशन के पास मल्टीलेवल पार्किंग कर सकेंगे।
- चौक बाजार में भीड़ होने की स्थिति में दो-पहिया वाहन भी परिवर्तित किये जावेंगे। ये वाहन सरस्वती प्रकाशन के पास मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर सकेंगे।

10 नंबर मार्केट

बुधवार से नौ अक्टूबर तक आवश्यकतानुसार आम जन की सुविधा हेतु 10 नंबर मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग को वन-वे किया जावेगा। इसमें वाहन वंदे मातरम चौराहा से 10 नंबर मार्केट की ओर प्रवेश कर 10 नंबर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार साढ़े 10 नंबर स्टॉप से वाहन 10 नंबर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे। नेशनल अस्पताल से 10 नंबर मार्केट तथा 10 नंबर मार्केट से वंदे मातरम चौराहे की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। बिट्टन मार्केट एवं बिट्टन मार्केट के आसपास पार्किंग, 10 नंबर मार्केट नगर निगम पार्किंग, मनोहर डेरी के पास स्थित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

न्यू मार्केट

न्यू मार्केट में टीटी नगर थाना चौराहे के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में पर्याप्त पार्किंग स्थान है। जहां न्यू मार्केट आने वाले अपने वाहन पार्क करेंगे। यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर रंगमहल चौराहे से थाना चौराहे की ओर एवं टीटी क्रास तिराहे से थाना चौराहे की ओर वाहन का आवागमन परिवर्तित मार्ग से किया जावेगा।

एमपी नगर

एमपी नगर जोन-एक में स्थित मल्टी लेवल पार्किंग एवं अन्य पार्किंग में अपने वाहन पार्क करेंगे।

बैरागढ़

चंचल चौराहा के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में सभी व्यापारी अपने वाहन पार्क करेंगे। साथ ही नये ब्रिज निर्माण के कारण छोटे-छोटे पार्किंग स्थल पीडब्ल्यूडी द्वारा तैयार किये जा रहे हैं। उक्त स्थान पर ग्राहक कुछ समय के लिए वाहन पार्क कर सकेंगे।

- व्यापारियों से अनुरोध है कि वाहनों से सामान लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य रात 12 बजे से सुबह सात बजे तक ही करना सुनिश्चित करें।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

नप्र, भोपाल : नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर बार-बार दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी जावेद खान को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता को चार लाख रुपये प्रतिकर देने के निर्देश भी दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक ज्योति कुजूर ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) एवं द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मनोहरलाल पाटीदार ने मंगलवार को यह निर्णय सुनाया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय शंकर प्रजापति और ज्योति कुजूर ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता की आरोपी से 6 फरवरी 2021 को हमीदिया अस्पताल में मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों की फोन पर बातचीत होने लगी। 25 फरवरी 2021 को आरोपी ने पीड़िता को बरखेड़ी चर्च के पास बुलाया और घोड़ा नक्कास स्थित अमर लॉज ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद 12 मार्च 2021 तक कई बार अपराध किया।

ब्लैकमेलिंग या सूदखोरों का चंगुल, पांच मौतों के मामले में जांच शुरू

- सभी का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार
- मां, पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर युवक ने कर ली थी खुदकुशी

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः छोला मंदिर इलाके मालीखेड़ी में पांच लोगों की मौत के मामले में पुलिस अब आर्थिक तंगी के साथ ब्लैकमेलिंग और सूदखोरी के एंगल पर भी काम कर रही है। मां-पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद नरेंद्र साहू द्वारा खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को पीएम के बाद सभी के शव परिजनों को सौंप दिए गए। शाम को सभी का एकसाथ अंतिम संस्कार हुआ। मृतक नरेंद्र साहू की बहन मंजू ने दावा किया है कि नरेंद्र कर्ज, कारोबार में घाटे और दो महिलाओं की वजह से परेशान था। जीजा दीपक ने बताया कि एक महिला सीहोर की रहने वाली है, जबकि दूसरी महिला से नरेंद्र की पहचान थी। इन दोनों की वजह से वह एक साल से मानसिक तनाव में था।

10 लाख का पैकेज मिला था

पुलिस की जांच में आया कि साल भर पहले नरेंद्र की आर्थिक स्थिति अच्छी थी। दो साल पहले वह आईएसबीटी स्थित एक होटल में हेड शेफ के रूप में काम करता था। उसके जीजा दीपक ने बताया कि होटल संचालक चिंटू ने शुरुआत में उसे नियमित वेतन दिया, लेकिन एक साल बाद वेतन समय पर मिलना बंद हो गया। उसके बाद परेशानी बढ़ने लगी थी। नौकरी छोड़ने के समय उसका लगभग पांच लाख रुपये बकाया था। इसके बाद नरेंद्र ने खुद भी होटल का कारोबार शुरू किया,लेकिन उसमें भी घाटा हो गया। उसे बंद करना पड़ा। इसके बाद नरेंद्र ने पुरानी कारें खरीदकर बेचने का काम शुरू किया था,वह भी नहीं चला। उसने एक्सिस बैंक से लोन लिया था। मकान बेचने के बाद भी उस पर 25 लाख रुपये का कर्ज बचा था।

मोबाइल की होगी फोरेंसिक जांच

एसीपी जोन-चार शशांक जैन का कहना है कि पुलिस को अभी सूखी सेवनिया में जब्त नरेंद्र का मोबाइल फोन नहीं मिला है। मोबाइल फोन को तक फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। कॉल डिटेल और मोबाइल में मौजूद जानकारी के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। छोला मंदिर पुलिस ने अभी मर्ग कायम किया है। मां, पत्नी और दोनों बच्चों की मौत के मामले में हत्या दर्ज की जाएगी।

श्वेता और नेहा से संबंधों की जांच : इस मामले में श्वेता, नेहा नाम की दो महिलाओं के नाम से सामने आए है, जो नरेंद्र के संपर्क में थी। यह महिलाएं कौन हैं। नरेंद्र का उनसे क्या संबंध था। इस बात की जानकारी पुलिस खंगालेगी। परिजनों का आरोप है कि नेहा कुछ समय से नरेंद्र को ब्लैकमेल कर रही थी। इसके अलावा कुछ सूदखोरों से भी नरेंद्र के परेशान रहने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

निजीकरण के विरोध में आईडीबीआई बैंककर्मियों की हड़ताल, निकाली रैली



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। बैंककर्मियों ने काम बंद रखकर भोपाल के एमपी नगर क्षेत्र में रैली निकाली और बोर्ड ऑफिस चौराहे पर प्रदर्शन किया। इसके बाद आयोजित सभा में बैंक का निजीकरण नहीं करने की मांग उठाई गई। देशव्यापी हड़ताल में मध्य प्रदेश के बैंककर्मी भी शामिल हुए। हड़ताल के कारण बैंक से जुड़े कामकाज प्रभावित रहे।

हड़ताली बैंककर्मियों ने एमपी नगर स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहे पर प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकालकर सभा की। आंदोलन को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस का समर्थन मिला।

सभा को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस और आईडीबीआई बैंक की ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, विकास सिंह, नागेश पांचाल, अकांक्षा गुप्ता, गुणशेखरण, भगवान स्वरूप कुशवाहा, एमएस जयशंकर, जेपी दुबे, सत्येंद्र चौरसिया, श्रीपाद घोटनकर, एसके गुप्ता और अनंत खरे सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के प्रवक्ता अनिल परमार ने बताया कि बैंककर्मी दो दिवसीय हड़ताल पर हैं। इस दौरान रैली और सभा आयोजित की गई।

जनहित के विरुद्ध बताया निजीकरण

यूनियन के वीके शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक धन और भारतीय जीवन बीमा निगम के निवेश से पुनर्जीवित आईडीबीआई बैंक का निजीकरण जनहित के विरुद्ध है। बैंक की परिसंपत्तियों और सार्वजनिक निवेश की रक्षा जरूरी है। संगठन ने केंद्र सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रद्द करने और बैंक का सार्वजनिक क्षेत्र का स्वरूप बनाए रखने की मांग की। मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई।

ऑपरेशन वरुणः पुलिस ने साधु बनकर भंडारा खाया, मजदूर बनी, आटो रिक्शा भी चलाया

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल की हत्या कर फरार हुए केयरटेकर वरुण को पकड़ने के लिए पुलिस को पांच राज्यों में काफी पापड़ बेलना पड़े। मोबाइल फोन का इस्तेमाल ना करने के कारण साइबर की तकनीक से भी विशेष मदद नहीं मिल पा रही थी। मुखबिरों की मदद से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर कहीं आटो चालक बनकर तो कहीं घुमंतू साधु बनकर मंदिरों में होने वाले भंडारा प्रसादी में शामिल होकर रैकी की। अंततः प्रयास सफल हुआ। उसे आगरा-मथुरा मार्ग पर तब उठा लिया गया, जब वह शराब खरीदने के लिए पैदल दुकान की तरफ जा रहा था। हालांकि तब भी उसने यह कहकर गुमराह करने की कोशिश की कि मुझे क्यों पकड़ रहे हो, मैं तो कचरा-कबाड़ा बीनने का काम करता हूं। शातिर आरोपी को अग्रवाल के घर से नकद पांच-सात सौ रुपये ही मिले थे, लेकिन लगभग 400 डालर उसके हाथ लग गए थे। उनमें से उसने कुछ डालर भारतीय करंसी में परिवर्तित भी करवाकर खर्च कर दिए।

रातीबड़ थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि आईएएस अधिकारी के मामले को सुलझाने तक टीम के सभी अधिकारी-कर्मचारी सिविल ड्रेस में ही काम करते रहे। शुरू के 15 दिन में इनाम घोषित कर वांटेड के जगह-जगह पोस्टर लगाने का काम किया गया। साइबर सेल के माध्यम से लगातार उसकी लोकेशन पर काम किया गया, लेकिन मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के कारण वरुण का कोई सुराग नहीं लग सका। इस दौरान उसके रिश्तेदारों और संपर्क में रहे लगभग 100 लोगों से संदेह के आधार पर सघन पूछताछ भी की गई। मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगड़, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड और कर्नाटक नौ राज्यो में पुलिस ने 2500 से अधिक सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाले। इस बीच यह पता चला कि वरुण किसी भी राज्य में रहता है, लेकिन आगरा-मथुरा जरूर आता है। पुलिस से बचने वह किसी लाज, धर्मशाला में नहीं रुकता था। वह कहीं भी फुटपाथ पर रात गुजार देता थे। साथ ही कंधे पर बोरी लटकाकर कचरा-पन्नी बीनने का उपक्रम करता घूमता रहता था। इस बात का पता चलने पर पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों के आसपास आटो चालक, घुमंतु साधु, मजदूर आदि का वेश रखने के बाद रैकी करना शुरू कर दी। इसी क्रम में सोमवार को वह आगरा मथुरा मार्ग पर कचरा बैग लिए हुए दिखा। तत्काल घेराबंदी करते हुए उसे तत्परता पूर्व दबोच लिया गया। तत्काल आरोपी को लेकर टीम लेकर भोपाल रवाना हुई। सुबह लगभग पांच बजे ग्राम मुगलिया छाप के निकट वरुण ने एसआई ओपी रघुवंशी की पिस्टल छीनने एवं भागने का प्रयास किया गया। इस दौरान पैर में गोली लगने से वरुण घायल हो गया। एसआई की शिकायत पर वरुण के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस भी दर्ज किया गया है।

पूर्व में 92 वर्षीय व्यक्ति का गला दबाकर कर चुका है हत्या की कोशिश

रूही हेल्थ केयर सर्विस, जयपुर (राजस्थान) — जून 2026: आरोपी वरुण ने जस्ट डायल के माध्यम से एक एजेंसी से संपर्क किया था। उसे एक घर में केयरटेकर के कार्य पर रखा गया था। कार्य के दौरान व्यवहार संबंधी शिकायत के कारण उसे काम से हटा दिया गया था।

सार्थू होम नर्सिंग केयर, ग्वालियर (मप्र) — 23 अगस्त 2023 को वरुण द्वारा होम नर्सिंग केयर एजेंसी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी।

रामप्रसाद होम हेल्थ केयर, नैनीताल (उत्तराखंड) दिसबंर 2025 से फरवरी 2026 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी वरुण ने एक रिटार्यड 92 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल का कार्य किया था। बाद में उसके नशा करने की शिकायत सामने आई। एक दिन बुजुर्ग का गला दबाने की कथित घटना के दौरान पड़ोसियों ने हस्तक्षेप कर बुजुर्ग को बचाया, जिसके बाद आरोपी को काम से हटा दिया गया था।

न्यू मार्केट में व्यापारी पर जानलेवा हमला, कंधे पर लगे 22 टांके

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः न्यू मार्केट में सोमवार रात क्वालिटी पार्किंग के पास एक कपड़ा व्यापारी ने कटर से जानलेवा हमला कर दिया। उसके कंधे पर 22 टांके लगाना पड़े हैं। पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पूर्व से आठ अपराध दर्ज हैं। टीटी नगर थाने के एसआई प्रीतमसिंह ने बताया कि नारियलखेड़ा निवासी हरीश सतवानी की न्यूमार्केट में कपड़ा दुकान है। सोमवार रात लगभग नौ बजे वह सुरभ काम्प्लेक्स की तरफ पैदल जा रहे थे।क्वालिटी रेस्टोरेंट पार्किंग के पास एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। कारण पूछने पर वह गाली गलौज करने लगा। हरीश ने विरोध किया, तो उसने कटर से हमला कर दिया। कंधे पर वार लगने से वह खून से लथपथ हो गए। साथी व्यापारियों ने हरीश को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान कंधे पर 22 टांके लगाना पड़े। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर रोशनपुरा स्थित ग्वाल मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय शिवा बाथम को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को शिवा को जेल भेज दिया गया। उधर गौतम नगर थानांतर्गत जेपी नगर में रास्ते में पैदल चलते समय धक्का लगने की बात पर विवाद होने पर 14 वर्ष के रिहान पर उसके हम उम्र पांच लड़कों ने बेल्ट से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। इसी तरह शाहजहांनाबाद थाना इलाके की मदर इंडिया कालोनी सोमवार शाम पुरानी रंजिश पर अरशद मौलाना को अयान नाम के युवक ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

नाली सफाई का वीडियो डालने पर युवक से मारपीट

भोपाल। मिसरोद स्थित संजय नगर में नाली सफाई का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से नाराज होकर युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्षद पति ने युवक को रात 12 बजे फोन कर रामलीला मैदान बुलाया। वहां युवक के साथ मारपीट की गई।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1, राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल,
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :-

स.क्र.	टेन्डर नं.	निविदा क्र. एवं दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाऊनलोड की की अंतिम तिथि
1	2026_CPA_544510_1	74/SAC dt. 21.10.26	राजधानी उपसंभाग क्रमांक-6, रा.प.प्र., लो.नि. वि. भोपाल के अधीन विविध स्थानों पर बेरीकेटस का प्रदाय, स्थल की सफाई सहित मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य	Rs.19.50	Rs.39000.00	Rs.2000/-	16-11-2026
2	2026_CPA_544511_1	75/SAC dt. 21.10.26	उपसंभाग क्रमांक-6, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन विविध मार्गों के सेन्ट्रल वर्ज एवं फुटपाथ की पुताई का कार्य	Rs.19.50	Rs.39000.00	Rs.2000/-	16-11-2026
3	2026_CPA_544512_1	76/SAC dt. 21.10.26	उपसंभाग क्रमांक-6, राज. परि.प्रशा लो.नि.वि. के अधीन परियोजना रिपोर्ट और प्राकलन तैयार करने के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र की विस्तृत जांच खोजबीन और कंटूर प्लान बनाने के साथ-साथ स्ट्रक्चरल और अन्य सभी संबंधित विस्तृत ड्राइंग का कार्य	Rs.19.95	Rs.39900.00	Rs.2000/-	16-11-2026
4	2026_CPA_545963_1	77/SAC dt. 28.10.26	उपसंभाग क्रमांक-8, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन विभिन्न सड़कों पर फुटपाथ या सेंट्रल वर्ज (सड़क के बीच की पट्टी) से झाड़ियों को हटाने सहित सड़क सुरक्षा उपकरणों/सामग्रियों को लगाने या ठीक करने का कार्य।	Rs.19.00	Rs.38000.00	Rs.2000/-	16-11-2026
5	2026_CPA_545967_1	78/SAC dt. 28.10.26	उपसंभाग क्रमांक-8, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन बैरिकेड्स (अवरोधक) उपलब्ध कराना, आपूर्ति करना और उन्हें लगाने/खड़ा करने का कार्य।	Rs.19.98	Rs.39960.00	Rs.2000/-	16-11-2026

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16-11-2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री राजधानी संभाग क्रमांक-1, राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

जी-20965/26

अटल पथ पर आज जुटेंगे हजारों लोग, परिवर्तित रहेंगे कुछ मार्ग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बुधवार को सुबह 10 बजे से 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' कार्यक्रम अटल पथ टीटी नगर पर प्रस्तावित है।

अटल पथ से अपेक्स बैंक तिराहा तक एक वृहद रैली का आयोजन भी किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में लगभग 1200 बस एवं दो हजार चार पहिया वाहनों से 40-50 हजार कार्यकर्ता/जनसमुदाय आना संभावित है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले कार्यकर्ताओं की बसों, चार पहिया वाहनों का मार्ग, ड्रॉप एंड गो, एवं पार्किंग और आमजन के सुगम यातायात संचालन के लिए डायवर्सन व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी:-भोपाल जिले की सभी सातों विधान सभा क्षेत्रों, जिला विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सीहोर आदि जिलों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने वालों को लाने वाली बसों के लिए मार्ग, ड्रॉप एंड गो एवं पार्किंग व्यवस्था:-

- विदिशा/रायसेन की ओर से आने वाली बसें- पटेल नगर, ग्राम खजूरी कलां तिराहे, पिपलानी रोड, महात्मा गांधी चौराहा, चेतक ब्रिज, बोर्ड ऑफिस, लिंक रोड क्रमांक-1, अपेक्स बैंक, टीटी क्रास होते हुए टीटी नगर स्टेडियम के पास कार्यकर्ता को उतारकर बस को एलएलए रेस्ट हाउस परिसर में पार्क करेंगे। वापसी में लिंक रोड-1 पर उक्त बसें सवारी बैठाकर ले जा सकेंगे।
- नर्मदापुरम व मंडीदीप, मिसरोद, बागसेवनिया रोड की ओर से आने वाली बसें- नर्मदापुरम रोड, सावरकर सेतु, गणेश मंदिर, मानसरोवर तिराहा, लिंक रोड-2, अर्जुन नगर, सेकंड स्टॉप, तुलसी नगर से होते हुए अटल पथ के पास कार्यकर्ता को उतारकर अपने वाहन को तुलसी नगर अम्बेडकर पार्क के पास में पार्क करेंगे। वापसी में उसी स्थान पर आकर सवारी बैठाकर ले जा सकेंगे।
- सीहोर/रातीबड़/नीलबड़ की ओर से आने वाली बसें- रातीबड़, नीलबड़, साक्षी ढाबा तिराहा, भदभदा चौराहा, भारत माता चौराहा होकर जवाहर चौक पर कार्यकर्ता को उतारकर बस मॉडल स्कूल में पार्क करेंगे। वापसी में उक्त स्थान पर आकर सवारी बैठाकर ले जा सकेंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र मुबारकपुर बायपास की ओर से आने वाली बसें- मुबारकपुरा, गांधी नगर, लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा, रंगमहल होकर कमला नेहरू स्कूल सेंटर पॉइंट पर कार्यकर्ता को उतारकर बस को टीटी नगर दशहरा मैदान के आसपास में पार्क करेंगे। वापसी में उक्त स्थान पर आकर सवारी बैठाकर ले जा सकेंगे।
- पुराने शहर की ओर से आने वाली बसें- भारत टॉकीज, लिली चौराहा, कंट्रोल रूम, गांधी पार्क, रोशनपुरा चौराहा होकर टीटी नगर स्टेडियम के पास कार्यकर्ता को उतारकर बस को लाल परेड मैदान/रविन्द्र भवन/खटलापुरा रोड में पार्क करेंगे। वापसी में अपेक्स बैंक तिराहा पर आकर सवारी बैठाकर ले जा सकेंगे।

प्रभावित क्षेत्र-(समय-सुबह आठ बजे से)-

भदभदा चौराहा, भारत माता चौराहा से जवाहर चौक की ओर, मेनिट से माता मंदिर होकर रोशनपुरा की ओर, 1250 चौराहा से लिंक-1 होकर अपेक्स बैंक, रोशनपुरा की ओर, कंट्रोल रूम से रोशनपुरा की ओर, पॉलिटेक्निक चौराहा से बाणगंगा होकर रोशनपुरा की ओर कार्यक्रम के दौरान इन मार्गों पर यातायात का दबाव अधिक रहेगा। इस हेतु वैकल्पिक मार्ग उपयोग का आवागमन करें।

परिवर्तित मार्ग

जिन वाहन चालकों को कार्यक्रम में नहीं आना है वो निम्न वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर आवागमन कर सकते हैं:-

- माता मंदिर चौराहा से लिंक रोड-2, सेकंड स्टॉप, अर्जुन नगर, लिंक रोड-01 से जेल रोड होकर आवागमन कर सकेंगे।
- भारत माता डिपो चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा पुराने शहर की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- मेनिट चौराहा से नेहरू नगर, भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा (भारत माता चौराहा) स्मार्ट रोड होकर आवागमन कर सकेंगे।